भोलेनाथ जी का डमरू दिन रात बज रहा है

भोलेनाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है,
भक्तों का पार बेडा,
हाथों हाथ कर रहा है,
भोले नाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है।bd।

माया मे फंस के जो भी,
दुखड़े उठा रहे,
दुखड़े मिटा के सुख की,
बरसात कर रहा है,
भोले नाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है।bd।

बर्बाद हो गए जो,
बर्बादियों के चलते,
उनको नचा नचा कर,
आबाद कर रहा है,
भोले नाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है।bd।

कहता 'अनाड़ी' जब भी,
बजता है शिव का डमरू,
समझों खुशी की पैदा,
हालात कर रहा है,
भोले नाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है।bd।

भोलेनाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है,
भक्तों का पार बेडा,
हाथों हाथ कर रहा है,
भोले नाथ जी का डमरू,
दिन रात बज रहा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com